I/1073/2023

संख्या : 1073/जी0एस0(शिक्षा)/A11-226/2023

प्रेषक,

रविनाथ रामन,
कुलाधिपति के सचिव।

सेवा में,

कुलपति,
श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल।

राज्यपाल/कुलाधिपति सचिवालय : उत्तराखण्ड   देहरादून दिनांक ~~नवम्बर~~ 06/12, 2023

महोदय,

कृपया कुलसचिव, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के पत्र संख्या : 14356 दिनांक 25.03.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें नव चेतना कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, निकट हवाघर, गढ़ीकैन्ट, देहरादून को बी0एससी0–एग्रीकल्चर एवं बी0एससी0–हॉर्टिकल्चर पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु नवीन अस्थाई सम्बद्धता प्रस्ताव संस्तुति सहित इस सचिवालय को उपलब्ध कराया गया है।

2– विश्वविद्यालय द्वारा संस्थान को अस्थाई सम्बद्धता दिये बिना संस्थान में छात्रों को प्रवेश कराये गये है, जो नियमों के विपरीत है। आगामी शैक्षिक सत्र से इस प्रकार की परिपाटी को स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस सम्बन्ध में संस्थान को भी कड़ी चेतावनी निर्गत की जाय और तद्नुसार इस सचिवालय को भी अवगत कराया जाय।

3– उपरोक्त के दृष्टिगत, सम्यक विचारोपरान्त यह कहने का निदेश हुआ है कि **संस्थान को प्रश्नगत पाठ्यक्रमों में केवल सत्र 2022–23 हेतु नवीन सम्बद्धता स्वीकृति केवल प्रवेशित छात्रों के हित के दृष्टिगत इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जा रही है कि विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करेगा कि संस्थान, अग्रेत्तर सत्र तक यू0जी0सी0 विनियम एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप भूमि के मानक पूर्ण नहीं कराता है तो अग्रेत्तर सत्र के लिए नवीन छात्रों का प्रवेश वर्जित किया जाय। अग्रेत्तर सत्र में भी मानक अपूर्ण होने के अभाव में सम्बद्धता विस्तारण प्रस्ताव प्रेषित किया जाता है तो उस प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा। इस उपबन्ध का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना विश्वविद्यालय का दायित्व होगा।**

4– अतः छात्रहित में निरीक्षण मण्ड़ल की आख्या, कुलसचिव एवं कुलपति की संस्तुति के आधार पर श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय अधिनियम–2011 (यथा संशोधित) के अध्याय–06 की धारा–33(1) के अन्तर्गत संस्थान को निम्न तालिका के अनुसार उसके नाम के सम्मुख वर्णित पाठ्यक्रमों, सीटों एवं अवधि के साथ नवीन अस्थाई सम्बद्धता प्रस्ताव पर मा0 कुलाधिपति द्वारा निम्न उपबन्धों के साथ अनुमोदन/स्वीकृति प्रदान की गई है :–

क्रमांक	महाविद्यालय/संस्थान का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	प्रवेश क्षमता (कुलपति की संस्तुतिनुसार)	नवीन अस्थाई सम्बद्धता की अवधि
1	2	3	4	5
01	नव चेतना कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, निकट हवाघर,	बी0एससी0–एग्रीकल्चर	08 सीट	2022–23

Generated from eOffice by SACHCHIDA NAND CHAMOLI, SO-SNC, SECTION OFFICER, Rajbhawan on 06/12/2023 05:28 pm

I/1073/2023

	गढ़ीकैन्ट, देहरादून।	बी0एससी0–हार्टिकल्चर	06 सीट	

- निरीक्षण मण्डल की आख्या एवं कुलपति की संस्तुति के दृष्टिगत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद, U.G.C विनियमों व नियामक संस्था के मानकों के पूर्ण करने की दशा में सम्बद्धता सम्बन्धी आदेश निर्गत करने की कार्रवाई करें व **विश्वविद्यालय तत्सम्बन्धी कृत कार्रवाई की सूचना मा0 कुलाधिपति महोदय के अवगतार्थ 02 माह में उपलब्ध करायें।**

- संस्थान में फैकल्टी मानकानुसार पूर्ण कराये जाने का दायित्व विश्वविद्यालय का है यदि अपूर्ण मानकों के कारण छात्रों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व विश्वविद्यालय का होगा।

- अग्रेत्तर सत्रों के सम्बद्धता प्रस्ताव U.G.C विनियम/नियामक संस्था एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण होने की दशा में ही स्वीकार्य होंगे अन्यथा की स्थिति अपूर्ण प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा, जिसका पूर्ण दायित्व विश्वविद्यालय का होगा।

भवदीय,

Signed by Ravinath Raman
Date: 05-12-2023 16:07:20

(रविनाथ रामन)
कुलाधिपति के सचिव।

संख्या : 1073 /जी0एस0(शिक्षा)/**A11-226/2023** तददिनांकित।
प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, हल्द्वानी।
3. प्रबन्धक/प्राचार्य–सम्बन्धित संस्थान।
4. कम्प्यूटर प्रकोष्ठ/गार्ड फाइल हेतु।

आज्ञा से,

(स्वाति एस0 भदौरिया)
कुलाधिपति के अपर सचिव।

Generated from eOffice by SACHCHIDA NAND CHAMOLI, SO-SNC, SECTION OFFICER, Rajbhawan on 06/12/2023 05:28 pm